60077

रोल नं.
Roll No.

Code No. **038**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- Please check that this question paper contains printed 23 pages.
  कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित 23 पृष्ठ हैं।
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
  प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए-गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- Please check that this question paper contains 37 questions.
  कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न हैं।
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
  **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.
  इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

Time allowed : 3 hours

निर्धारित समय : 3 घंटे

Maximum marks : 80

अधिकतम अंक : 80

**General Instructions :**

**सामान्य निर्देश :**

Read the following instructions very carefully and strictly follow them.

(i) Question paper comprises **six** sections - **A, B, C, D, E and F**. There are 37 questions in the question paper. All questions are compulsory.
प्रश्न-पत्र को **छः** खंडों में विभाजित किया गया है - **क, ख, ग, घ, च एवं छ**। इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या 37 है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) **Section A** - Question No. **1** to **20** are Multiple choice questions. Carrying **1** mark each.
**खंड - क** के प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहु विकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।

(iii) **Section B** - Question No. **21** to **24** are very short answer type questions. Carrying **2** mark each. Answer to these questions should not exceed **40** words.
**खंड - ख** में प्रश्न संख्या **21** से **24** तक अतिलघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए।

(iv) **Section C** - Question No. **25** to **29** are short answer type questions. Carrying **3** marks each. Answer to these questions should not exceed **60** words.
**खंड - ग** में प्रश्न संख्या **25** से **29** तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए।

(v) **Section D** Question No. **30** to **33** are long answer type questions, carrying **5** marks each. Answer to these questions should not exceed **120** words.
**खंड - घ** - प्रश्न **30** से **33** दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

(vi) **Section E** Question No. **34** to **36** are case based questions with three sub questions and are of **4** marks.
**खंड-च** प्रश्न **34** से **36** स्रोत आधारित प्रश्न हैं जिनमें तीन उप-प्रश्न है और प्रत्येक के **4** अंक है।

(vii) **Section F** Question No. **37** is map shall based carrying **5** marks with parts (a) from History (**2** marks) and (b) from Geography (**3** marks)
**खंड-छ** में प्रश्न संख्या **37** मानचित्र कौशल आधारित है, यह प्रश्न **5** अंक का है जो कि इतिहास से (a)-(**2** अंक) तथा भूगोल (b)-(**3** अंक) से संबंधित है।

(viii) Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.
उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द-सीमा यथासंभव पालन कीजिए।

(ix) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in some questions in each Section. Only one of the choices in such questions have to be attempted.
प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में **केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए।**

(x) Cut the MAP from your question paper and attach it with your answer book.
प्रश्न पत्र के अंत में दिए गए मानचित्र को काट कर अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(xi) In addition to this. Separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.
इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

## SECTION - A / खण्ड – क

## MULTIPLE CHOICE QUESTIONS

## बहु विकल्पीय प्रश्न

1. Who were the Junkers ? 1

(a) Weavers
(b) Soldiers
(c) Aristocracy
(d) Large land owners

जंकर्स कौन थे ?

(a) बुनकर
(b) सिपाही
(c) कुलीन वर्ग
(d) बड़े भूस्वामी

2. Match the important years from **Column A** with related events given in **Column B.** Choose the correct answer from the options given below. 1

| A | | B | |
|---|---|---|---|
| (A) | 1930 | (I) | Non-Cooperation Movement was called off. |
| (B) | 1922 | (II) | Civil Disobedience Movement re-launched. |
| (C) | 1932 | (III) | II Round Table Conference. |
| (D) | 1931 | (IV) | First independence day. |

**Options :**

(a) (A)-(IV), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(III)
(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)
(c) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(II), (D)-(III)
(d) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)


**कॉलम 'क'** में दिए गए महत्वपूर्ण वर्षों को **कॉलम 'ख'** में दी गई संबंधित घटनाओं से मिलान करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

| क | | ख | |
|---|---|---|---|
| (A) | 1930 | (I) | असहयोग आंदोलन वापस ले लिया गया। |
| (B) | 1922 | (II) | सविनय अवज्ञा आंदोलन फिर से शुरू किया गया था। |
| (C) | 1932 | (III) | द्वितीय गोल मेज सम्मेलन। |
| (D) | 1931 | (IV) | पहला स्वतन्त्रता दिवस। |

**विकल्प :**

(a) (A)-(IV), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(III)
(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)
(c) (A)-(IV), (B)-(I), (C)-(II), (D)-(III)
(d) (A)-(II), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(IV)

3. Study the picture and answer the question that follows :



Which of the following aspect best signifies this image of London of 1851 ?

(a) People participating in a religious function.

(b) Slaves for trade/auction.

(c) People waiting outside the bakery for bread.

(d) People at the railway station.

चित्र का अध्यायन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

निम्नलिखित में से कौन सा पहलू 1851 के लंदन की इस छवि को सबसे अच्छा दर्शाता है ?

(a) धार्मिक समारोह में सम्मलित लोग।

(b) व्यापार के लिए गुलाम।

(c) बेकरी के बाहर ब्रेड के लिए इंतजार करते लोग।

(d) रेलवे स्टेशन पर खड़े लोग।

**Note : The following question is for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q.No. 3** 1

To which century the long distance spread of disease-carrying germs may be traced ?

(a) 6th Century

(b) 7th Century

(c) 8th Century

(d) 9th Century

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल प्रश्न संख्या 3 के स्थान पर दृष्टिबाधित छात्रों के लिए है।**

किस सदी को रोगवाहक कीटाणुओं के लंबी दूरी के फैलाव की शुरुआती सदी माना जा सकता है?

(a) 6 वीं शताब्दी

(b) 7 वीं शताब्दी

(c) 8 वीं शताब्दी

(d) 9 वीं शताब्दी

**4.** Arrange the following in chronological order : 1

(I) The first printing press came to Goa with portugese missionaries.

(II) Chinese paper reached Europe through the silk route.

(III) The first printed edition of the Ramcharitmanas of Tulsidas appeared.

(IV) Buddhist missionaries from China introduced hand-printing technology to Japan.

**Options :**

(a) (III), (II), (I) & (IV)

(b) (I), (IV), (III) & (II)

(c) (IV), (II), (I) & (III)

(d) (II), (I), (IV) & (III)

निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें :

(I) पहला प्रिंटिंग प्रेस पुर्तगाली मिशनरियों के साथ गोवा आया था।

(II) रेशम मार्ग से चीनी कागज यूरोप पहुंचा।

(III) तुलसीदास के रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण प्रकाशित हुआ।

(IV) चीन के बौद्ध मिशनरियों ने जापान में हाथ से छपाई की तकनीक की शुरुआत की।

**विकल्प :**

(a) (III), (II), (I) और (IV)

(b) (I), (IV), (III) और (II)

(c) (IV), (II), (I) और (III)

(d) (II), (I), (IV) और (III)

5. Identify the type of crop with the help of following features - 1

- Staple food crop of a majority of people in India.
- Requires high temperatures above 25°C.
- Annual rainfall above 100 cm.

(a) Wheat (b) Rice (c) Millet (d) Maize

निम्नलिखित विशेषताओं की सहायता से फसल के प्रकार की पहचान करें -

- भारत में अधिकांश लोगों का खाद्यान्न।
- उगाने के लिए उच्च तापमान 25°C के ऊपर चाहिए होता है।
- वार्षिक वर्षा 100 से.मी. से अधिक

(a) गेहूँ (b) चावल (c) मोटा अनाज (d) मक्का

6. Which of the following option is **INCORRECT** with regard to Joint Forest Management (JFM) programme? 1

(a) It depends on the formation of local (village) institutions that undertake protection activities on degraded forest land.

(b) Members of these communities are entitled to cash benefits from the forest.

(c) It came into existence in 1988.

(d) The first resolution for joint forest management by the state of Odisha.

संयुक्त वन प्रबंधन कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प **गलत** है ?

(a) यह गाँव के स्तर पर गठित संस्थानों पर निर्भर करता है जो क्षरित वनों के बचाव के लिए कार्य करता है।

(b) इन समुदायों के सदस्य वनों से नकद लाभ के हकदार हैं।

(c) यह 1988 में अस्तित्व में आया।

(d) संयुक्त वन प्रबंधन का पहला प्रस्ताव ओडिशा राज्य सरकार द्वारा।

7. Match **Column A** with **Column B**. Choose the correct answer from the options given below. 1

| **Column A (Type of Soil)** | **Column B (Characteristic)** |
|---|---|
| (A) Laterite soil | (I) Contain adequate proportion of potash, magnesium and lime. |
| (B) Black soil | (II) Intense leaching due to heavy rain. |
| (C) Forest soil | (III) Lacks humus and moisture. |
| (D) Arid soil | (IV) Loamy and silty in valley sides. |

**Options :**

(a) (A)-(II), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(III)

(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(c) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(II)

(d) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)

**कॉलम ए** का मिलान **कॉलम बी** से करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए।

| **कॉलम ए (मिट्टी का प्रकार) (मृदा)** | **कॉलम बी (विशेषता)** |
|---|---|
| (A) लेटराइट मृदा | (I) इसमें पोटाश, मेगनीशियम और चूना पर्याप्त अनुपात में होता है। |
| (B) काली मृदा | (II) भारी वर्षा से अत्यधिक निक्षालन। |
| (C) वन मृदा | (III) ह्यूमस और नमी की मात्रा कम होती हैं। |
| (D) मरुस्थली मृदा | (IV) दोमट और सिल्टदार होती हैं। |

**विकल्प :**

(a) (A)-(II), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(III)

(b) (A)-(III), (B)-(IV), (C)-(II), (D)-(I)

(c) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(I), (D)-(II)

(d) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)

**8.** Which of the following is **INCORRECT** statement about the French speaking people of Belgium ? 1

(a) 59 percent French speaking people live in Wallonia region.

(b) They are relatively rich and powerful.

(c) They are in majority in Brussels.

(d) French speaking ministers are equal in the central government.

बेल्जियम के फ्रांसीसी भाषी लोगों के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है ?

(a) 59 फीसदी फ्रेंच बोलने वाले लोग वेलोनिया क्षेत्र में रहते हैं।

(b) यह लोग तुलनात्मक रूप से ज्यादा समृद्ध और ताकतवर हैं।

(c) वे ब्रेसल्स में बहुमत में हैं।

(d) फ्रांसीसी भाषी मंत्री केन्द्र सरकार में समान हैं।

**9.** In local self-government institutions at least one-third of all positions are reserved for whom ? 1

(a) Scheduled Caste (b) OBCs

(c) Women (d) Scheduled Tribes

स्थानीय शासन वाली संस्थानों में सभी पदों में से कम से कम एक तिहाई पद किसके लिए आरक्षित है ?

(a) अनुसूचित जाति (b) ओ बी सी

(c) महिलाएँ (d) अनुसूचित जनजाति

**10.** Which of the following statement is **true** with regard to the meaning of Communal Politics ? 1

(a) The followers of different religion belong to one community.

(b) State Power cannot be used to establish the domination of one religions group over others.

(c) Religion is the principal basis of social community.

(d) Their fundamental interests are not same.

सांप्रदायिक राजनीति के अर्थ के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सत्य** है ?

(a) अलग-अलग धर्मों में आस्था रखने वाले लोग एक ही समुदाय के होते हैं।

(b) एक धार्मिक समूह का दूसरे पर प्रभुत्व स्थापित करने के लिए राज्य की शक्ति का उपयोग नहीं किया जा सकता है।

(c) धर्म सामाजिक समुदाय का प्रमुख आधार है।

(d) उनके मौलिक हित एक जैसे नहीं होते हैं।

11. Which of the following pairs is correctly matched ? 1

| LIST - I (Party) | | LIST - II (Year of Foundation) |
|---|---|---|
| (a) | Bahujan Samaj Party | 1985 |
| (b) | Communist Party of India-Marxist | 1965 |
| (c) | All India Trinamool Congress | 1998 |
| (d) | Nationalist Congress Party | 1997 |

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित है –

| सूची - I ( राजनीतिक दल ) | | सूची - II ( स्थापना का वर्ष ) |
|---|---|---|
| (a) | बहुजन समाज पार्टी | 1985 |
| (b) | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डिया-मार्क्ससिस्ट | 1965 |
| (c) | ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस | 1998 |
| (d) | नेशनलिस्ट काँग्रेस पार्टी | 1997 |

12. There are two statements marked as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Mark your answer as per the codes provided below : 1

**Assertion (A)** : Democratically elected governments do not appear to be as keen to address the question of poverty as you would expect them to.

**Reason (R)** : Democracy always seeks welfare and social-economic equality.

(a) Both **(A)** & **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(b) Both **(A)** & **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(c) **(A)** is true but **(R)** is false.

(d) **(A)** is false but **(R)** is true.

**अभिकथन** और **कारण** के रूप में चिन्हित दो कथन हैं। नीचे दिए गए कोड्स के अनुसार अपना उत्तर अंकित करें।

**अभिकथन :** लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित सरकारें गरीबी के सवाल पर उतना ध्यान देने को तत्पर नहीं जान पड़तीं जितने कि आप उनसे उम्मीद करते हैं।

**कारण :** लोकतन्त्र हमेशा कल्याण और सामाजिक आर्थिक समानता चाहता है।

(a) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सत्य हैं और **कारण**, **अभिकथन** की सही व्याख्या है।

(b) **अभिकथन** और **कारण** दोनों सत्य हैं परन्तु **कारण**, **अभिकथन** की सही व्याख्या नहीं है।

(c) **अभिकथन** सत्य है परन्तु **कारण** असत्य है।

(d) **अभिकथन** असत्य है परन्तु **कारण** सत्य है।

13. Which of the following statements related to power sharing best explains power sharing amongst different social groups ? 1

(a) They have a share in governmental power through participation in governmental committees.
(b) This method is used to give minority communities a fair share in power.
(c) There is division of power amongst municipality and panchayats.
(d) It ensures that none of the organs can exercise unlimited power.

सत्ता के बंटवारे से सम्बन्धित निम्नलिखित में से कौन सा कथन विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच सत्ता के बंटवारे की सबसे अच्छी व्याख्या करता है ?

(a) सरकार की विभिन्न समितियों में सीधी भागीदारी करके ये समूह सत्ता में भागीदारी करते हैं।
(b) इस तरीके के इस्तेमाल के द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों को सत्ता में उचित हिस्सेदारी दी जाती है।
(c) नगरपालिका और पंचायतों के बीच सत्ता-विभाजन होता है।
(d) यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी एक अंग सत्ता का असीमित उपयोग नहीं कर सकता है।

14. **TABLE 1.6 SOME DATA REGARDING INDIA AND ITS NEIGHBOURS FOR 2019** 1

| **Country** | **Gross National Income (GNI) per capita (2011 PPP $)** | **Life Expectancy at birth** | **Mean Years of Schooling of People aged 25 and above** | **HDI Rank in the world (2018)** |
|---|---|---|---|---|
| Sri Lanka | 12,707 | 77 | 10.6 | 73 |
| India | 6,681 | 69.7 | 6.5 | 130 |
| Myanmar | 4,961 | 67.1 | 5.0 | 148 |
| Pakistan | 5,005 | 67.3 | 5.2 | 154 |
| Nepal | 3,457 | 70.8 | 5.0 | 143 |
| Bangladesh | 4,976 | 72.6 | 6.2 | 134 |

Source : Human Development Report 2020, United Nations Development Programme, New York.


According to the given table which of the following countries has second lowest HDI Rank ?

(a) Sri Lanka (b) India (c) Myanmar (d) Nepal

दी गई तालिका के अनुसार निम्नलिखित में से किस देश का दूसरा सबसे कम एच.डी.आई रैंक है ?

(a) श्रीलंका (b) भारत (c) म्यांमार (d) नेपाल

15. 1




Study the given bar graph carefully and answer the given question.

Conclusion drawn from the bar graph diagram are - the highest share in GDP in the year 1973-74 is from :

(a) Primary sector (b) Secondary sector

(c) Tertiary sector (d) Both Primary and Tertiary sectors

दिए गए बार ग्राफ का ध्यानपूर्वक-अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

बार ग्राफ से निकाला गया निष्कर्ष है- वर्ष 1973-74 में सकल घरेलू उत्पाद में सर्वाधिक हिस्सा है ____________ क्षेत्रक का।

(a) प्राथमिक क्षेत्रक (b) द्वितीयक क्षेत्रक

(c) तृतीयक क्षेत्रक (d) दोनों प्राथमिक और तृतीयक क्षेत्रक

16. Find the odd one out from the following options : 1

(a) Reliance industries, TISCO, ACC Ltd.

(b) TCS, Infosys, ITC

(c) Indian Oil, ONGC, BHEL

(d) Hindustan Lever, WIPRO, ICICI

निम्नलिखित विकल्पों में से विषम को चिन्हित करें –

(a) रिलाइन्स इंडस्ट्रीज, टिस्को, एसीसी लिमिटेड

(b) टीसीएस, इंफोसिस, आईटीसी

(c) इंडियन आयल, ओएनजीसी, भेल

(d) हिन्दुस्तान लीवर, विपरो, आईसीआईसीआई

17. Fill in the blank. 1

| Nature of Work | Criteria used |
|---|---|
| Secretary of a Housing Society | Social service activity |
| A housewife looking after the house hold | ? |

(a) Farming activity (b) Political activity
(c) Non-economic activity (d) Economic activity

रिक्त स्थान भरें।

| कार्य की प्रकृति | मानदंड |
|---|---|
| एक हाउसिंग सोसाइटी के सचिव | सामाजिक कार्य |
| गृहिणी द्वारा घर की देखभाल | ? |

(a) कृषि कार्य (b) राजनीतिक कार्य
(c) गैर-आर्थिक कार्य (d) आर्थिक कार्य

18. Mohan and Sohan are small farmers from Muzaffarnagar. They have taken loans of 30,000 from different parties. Mohan has taken credit at 1.5 percent per month interest from a money lender, while Sohan has taken credit at 8 percent per annum from a Cooperative. 1

On the basis of the given information choose the correct option

(a) Sohan is better because he receives more interest.
(b) Mohan is better as he does no paper work.
(c) Sohan is worse off as he pays more interest.
(d) Mohan is worse off as he pays more interest.

मोहन और सोहन मुजफ्फरनगर के छोटे किसान हैं। उन्होंने अलग-अलग पार्टियों से 30 हजार का कर्ज लिया है। मोहन ने एक साहूकार से 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह के ब्याज पर ऋण लिया है जबकि सोहन ने एक सहकारी संस्था से 8 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ऋण लिया है।

दी गई जानकारी के आधार पर सही विकल्प का चयन करें -

(a) सोहन बेहतर है क्योंकि उसे अधिक ब्याज मिलता है।
(b) मोहन बेहतर है क्योंकि उसे कोई कागजी कार्यवाही नहीं करनी पड़ी।
(c) सोहन की हालत और भी ज्यादा खराब है क्योंकि वह अधिक ब्याज देता है।
(d) मोहन की हालत और भी ज्यादा खराब है क्योंकि वह अधिक ब्याज देता है।

19. Which of the following Indian industries has been hit hard by globalisation ? 1

(a) Garment manufacturing
(b) Information technology
(c) Toy making
(d) Transportation technology

निम्नलिखित में से कौन सा भारतीय उद्योग वैश्वीकरण से बुरी तरह प्रभावित हुआ है ?

(a) परिधान निर्माण
(b) सूचना प्रौद्योगिकी
(c) खिलौना बनाना
(d) परिवहन प्रौद्योगिकी

20. Which of the following statements are correct about Special Economic Zones (SEZs) ? 1

I. The companies who set up their units here get a tax exemption for initial 6 years.

II. They have world class facilities for elecricity, water, storage etc.

III. The companies who set up their units here get a tax exemption for initial 5 years.

IV. Only central government is setting up SEZs; to attract foreign investment in India.

**Options :**

(a) I and II (b) II and III (c) I and IV (d) II and IV

निम्नलिखित में से कौन से कथन विशेष आर्थिक क्षेत्र के संदर्भ में सत्य है ?

I. जो कंपनियाँ यहां अपनी इकाइयाँ स्थापित करती हैं उन्हें शुरुआती 6 वर्षों के लिए कर छूट मिलती है।

II. उनके पास बिजली, पानी, भंडारण आदि के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएँ हैं।

III. जो कंपनियाँ यहां अपनी इकाइयाँ स्थापित करती हैं उन्हें शुरुआती 5 वर्षों के लिए कर छूट मिलती है।

IV. केवल केन्द्र सरकार भारत में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों की स्थापना कर रही है।

**विकल्प :**

(a) I और II (b) II और III (c) I और IV (d) II और IV

## SECTION - B

## VERY SHORT ANSWER QUESTION

## खण्ड - ख

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

2x4=8

21. Mention any two impacts of Manchester imports on the cotton weavers in India. 2

भारत में सूती बुनकरों पर मैनचेस्टर आयात के किन्हीं दो प्रभावों का उल्लेख कीजिए।

22. Write about any two problems faced by local governments. 2

स्थानीय सरकारों के सामने आने वाली किन्हीं दो समस्याओं के बारे में लिखिए।

23. Write about first two phases of treatment of industrial effluents. 2

**OR**

How industrial pollution of fresh water can be reduced ?

औद्योगिक अपशिष्ट के शोधन के प्रथम दो चरणों की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

औद्योगिक प्रदूषण से स्वच्छ जल को कैसे बचाया जा सकता है ?

24. Why did Indian government put barriers to foreign trade and foreign investment after independence ? 2

स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विदेश व्यापार एवं विदेशी निवेश पर प्रतिबन्ध क्यों लगाया ?

## SECTION - C

## SHORT ANSWER QUESTIONS

## खण्ड - ग

## लघु उत्तरीय प्रश्न 3x5=15

25. How did the ideas of scientists and philosophers become more accessible to common people after the beginning of print revolution in Europe ? 3

OR

Write about the three shortcomings of manuscripts.

यूरोप में मुद्रण क्रांति की शुरुआत के बाद वैज्ञानिकों और दार्शनिकों के विचार आम लोगों के लिए अधिक सुलभ कैसे हो गए ?

अथवा

पांडुलिपियों की तीन कमियों के बारे में लिखें।

26. Write about any two merits of railways and any one problem faced by railways in India. 3

रेलवे के किन्हीं दो गुणों और रेलवे द्वारा सामना की जाने वाली किसी एक समस्या के बारे में लिखिए।

27. What are the basic functions of foreign trade ? Mention any three points. 3

विदेशी व्यापार का मूल कार्य क्या हैं ? दिए गए कथन के समर्थन में किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।

28. "In modern democracies power sharing arrangements can take many forms." Write about any three such forms. 3

"आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में सत्ता की साझेदारी के अनेक रूप हो सकते हैं।" सत्ता की साझेदारी के ऐसे किन्हीं तीन रूपों के बारे में लिखिए।

29. Why is the tertiary sector becoming more important in India ? Explain by giving three reasons. 3

'भारत में तृतीयक क्षेत्र अधिक महत्वपूर्ण होता चला जा रहा है', - किन्ही तीन कारणों का उल्लेख करें।

## SECTION - D

## LONG ANSWER QUESTIONS

## खण्ड - घ

5x4=20

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

30. 'All social groups were not moved by the abstract concept of Swaraj.' To support the given statement highlight the limitations of the Civil Disobedience Movement in India. 5

**OR**

'The middle classes played an important role in Non-Cooperation Movement in the cities'. Explain. Why do you think that the movement slowed down in the cities ? 2+3=5

'सभी सामजिक समूह स्वराज की अमूर्त अवधारण से प्रभावित नहीं थे।' दिए गए कथन का समर्थन करने के लिए सविनय सवज्ञा आंदोलन की सीमाओं को उजागर करें।

**अथवा**

'शहरों में असहयोग आंदोलन में मध्यम वर्गों ने अहम भूमिका निभाई।' व्याख्या कीजिए। शहरों में यह आंदोलन धीमा क्यों हुआ ?

31. Why do we need to conserve our forests and wildlife ? What are the main objectives of the Indian Wildlife Act (1972) to protect habitats ? 2+3=5

**OR**

Name and explain the types of forests found in India. Write about any two good practices adopted by local communities in conserving forests and wild life. 2+3=5

हमें अपने वन और वन्य जीवन का संरक्षण करने की क्यों जरुरत है ? भारतीय वन्य जीवन अधिनियम (1972) द्वारा प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के लिए क्या उद्देश्य हैं ?

**अथवा**

भारत में वनों के प्रकार के बारे में लिखिए। वन और वन्य जीवन के संरक्षण में स्थानीय समुदायों द्वारा अपनाई गई किन्हीं दो अच्छी प्रथाओं के बारे में उल्लेख करें।

32. What do you mean by political party ? State any four ideologies of Bhartiya Janta Party. 1+4=5

**OR**

Enumerate the three steps taken in India for reforming the political parties and its leaders. Write any two suggestions which can further boost such reforms. 3+2=5

राजनीतिक दल क्या है ? भारतीय जनता पार्टी की किन्हीं चार विचार धाराओं का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

राजनीतिक दलों और उनके नेताओं में सुधार के लिए भारत में उठाए गए तीन कदमों के बारे में विस्तारपूर्वक लिखें। कोई दो सुझाव जो ऐसे सुधारों को और बढ़ावा दे सकते हैं उनका उल्लेख करें।

33. Different people have different notions of development or progress.' Explain the given statement with regard to notion of development for a farmer who depends only on rains for growing crops and an educated youth from rural area who aspires for a better life. 5

**OR**

What is the criteria used by UNDP to compare countries ? Why Kerala has a low infant-mortality rate and what is the positive outcome of proper functioning of Public Distribution System in some states ? 3+1+1=5

'अलग-अलग लोगों की विकास या प्रगति के बारे में अलग-अलग विचार होते हैं।' एक किसान जो फसल उगाने के लिए केवल बारिश पर निर्भर हैं और बेहतर जीवन की आकांक्षा रखने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवाओं के लिए विकास के संबंध में दिए गए कथन की व्याख्या करें।

**अथवा**

देशों की तुलना करने के लिए यूएनडीपी द्वारा उपयोग किए जाने वाले मानदंड क्या हैं ? केरल में शिशुमृत्यु दर कम क्यों हैं और कुछ राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उचित कामकाज का सकारात्मक परिणाम क्या हैं ?

## SECTION - E
## CASE-BASED QUESTIONS
## खण्ड - च

4x3=12

**34.** Read the source given below and answer the question that follows : 4

Within the wide swathe of territory that came under his control, Napoleon set about introducing many of the reforms that he had already introduced in France. Through a return to monarchy Napoleon had, no doubt, destroyed democracy in France, but in the administrative field he had incorporated revolutionary principles in order to make the whole system more rational and efficient. The Civil Code of 1804 - usually known as the Napoleonic Code - did away with all privileges based on birth, established equality before the law and secured the right to property. This Code was exported to the regions under French control. In the Dutch Republic, in Switzerland, in Italy and Germany, Napoleon simplified administrative divisions, abolished the feudal system and freed peasants from serfdom and manorial dues.

**34.1** Mention any one reform introduced by Napoleon in the Dutch Republic, Switzerland, Italy and Germany apart from the ones mentioned in the given source.

**34.2** Write any one measure taken by Napoleon that facilitated the movement and exchange of goods and capital from one region to other.

**34.3** Analyze the reasons why the initial enthusiasm of welcoming French armies as harbingers of liberty by the local population soon turned to hostility. Give 2 reasons.

नीचे दिए गए स्रोत को पढ़ें और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखें –

नेपोलियन के नियंत्रण में जो विशाल क्षेत्र आया वहाँ उसने ऐसे अनेक सुधारों की शुरुआत की जिन्हें फ़्रांस में पहले ही आरंभ किया जा चुका था। फ़्रांस में राजतंत्र वापस लाकर नेपोलियन ने निःसंदेह वहाँ प्रजातंत्र को नष्ट किया था। मगर प्रशासनिक क्षेत्र में उसने क्रांतिकारी सिद्धांतों का समावेश किया था ताकि पूरी व्यवस्था अधिक तर्कसंगत और कुशल बन सके। 1804 की नागरिक संहिता जिसे आमतौर पर नेपोलियन की संहिता के नाम से जाना जाता है, ने जन्म पर आधारित विशेषाधिकार समाप्त कर दिए थे। उसने क़ानून के समक्ष बराबरी और संपत्ति के अधिकार को सुरक्षित बनाया। इस संहिता को फ़्रांसीसी नियंत्रण के अधीन क्षेत्रों में भी लागू किया गया। डच गणतंत्र, स्विट्ज़रलैंड, इटली और जर्मनी में नेपोलियन ने प्रशासनिक विभाजनों को सरल बनाया, सामंती व्यवस्था को खत्म किया और किसानों को भू-दासत्व और जागीरदारी शुल्कों से मुक्ति दिलाई।

**34.1** दिए गए स्रोत में उल्लिखित सुधारों के अलावा, डच गणराज्य, स्विट्ज़रलैंड, इटली और जर्मनी में नेपोलियन द्वारा शुरु किए गए किसी एक सुधार के बारें में उल्लेख करें।

**34.2** नेपोलियन द्वारा किए गए एक उपाय के बारे में लिखिए जिससे एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में माल और पूंजी की आवाजाही और विनिमय में मदद मिली।

**34.3** उन कारणों का विश्लेषण करें कि स्थानीय आबादी द्वारा फ़्रांसीसी सेनाओं का स्वतंत्रता के अग्रदूत के रूप में स्वागत करने का प्रारंभिक उत्साह जल्द ही विरोध में क्यों बदल गया। किन्हीं दो कारणों का उल्लेख करें।

35. Read the given extract and answer the following questions. 4

**Non-Conventional Sources of Energy**

The growing consumption of energy has resulted in the country becoming increasingly dependent on fossil fuels such as coal, oil and gas. Rising prices of oil and gas and their potential shortages have raised uncertainties about the security of energy supply in future, which in turn has serious repercussions on the growth of the national economy. Moreover, increasing use of fossil fuels also causes serious environmental problems. Hence, there is a pressing need to use renewable energy sources like solar energy, wind, tide, biomass and energy from waste material. These are called non-conventional energy sources.

India is blessed with an abundance of sunlight, water, wind and biomass. It has the largest programmes for the development of these renewable energy resources.

35.1 How solar energy can contribute in environment conservation ? 1

35.2 What are fossil fuels ? Give one example. ½+½=1

35.3 'There is a pressing need to use renewable energy resources.' Why ? Give 2 points. 2

दिए गए स्त्रोत को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें –

**गैर–परंपरागत ऊर्जा के साधन**

ऊर्जा के बढ़ते उपभोग ने देश को कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्मी ईंधनों पर अत्यधिक निर्भर कर दिया है। गैस व तेल की बढ़ती कीमतों तथा इनकी संभाव्य कमी ने भविष्य में ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के प्रति अनिश्चितताएँ उत्पन्न कर दी हैं। इसके राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि पर गंभीर प्रभाव पड़ते हैं। इसके अतिरिक्त जीवाश्मी ईंधनों का प्रयोग गंभीर पर्यावरणीय समस्याएँ उत्पन्न करता है। अत: नवीकरण योग्य ऊर्जा संसाधनों जैसे – सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, जैविक ऊर्जा तथा अवशिष्ट पदार्थ जनित ऊर्जा के उपयोग की बहुत ज़रुरत है। ये ऊर्जा के गैर–परंपरागत साधन कहलाते हैं।

भारत धूप, जल तथा जीवभार साधनों में समृद्ध है। भारत में नवीकरण योग्य ऊर्जा संसाधनों के विकास हेतु बृहत कार्यक्रम भी बनाए गए हैं।

35.1 विश्लेषण करें कि सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण में कैसे योगदान दे सकती हैं ?

35.2 जीवाश्मी ईंधन क्या होते हैं ? एक उदाहरण दीजिए।

35.3 'नवीकरण योग्य ऊर्जा के उपयोग की बहुत जरुरत है।' ऐसा क्यों कहा गया है ? दो उदाहरण दीजिये।

36. Read the given extract and answer the following questions. 4

**Public/Private division**

Boys and girls are brought up to believe that the main responsibility of women is housework and bringing up children. This is reflected in a SEXUAL DIVISION OF LABOUR in most families: women do all work inside the home such as cooking, cleaning, washing clothes, tailoring, looking after children, etc., and men do all the work outside the home. It is not that men cannot do housework; they simply think that it is for women to attend to these things. When these jobs are paid for, men are ready to take up these works. Most tailors or cooks in hotels are men. Similarly, it is not that women do not work outside their home. In villages, women fetch water, collect fuel and work in the fields. In urban areas, poor women work as domestic helper in middle class homes, while middle class women work in offices. In fact the majority of women do some sort of paid work in addition to domestic labour. But their work is not valued and does not get recognition. The result of this division of labour is that although women constitute half of the humanity, their role in public life, especially politics, is minimal in most societies.

36.1 Which form of hierarchical social division is seen everywhere, but is rarely recognised in the study of politics ? 1

36.2 Who is a feminist ? 1

36.3 What were the main objectives of the women's agitation for equal rights in different parts of the world ? 2

दिए गए स्रोत को पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दें –

**निजी और सार्वजनिक का विभाजन**

लड़के और लड़कियों के पालन–पोषण के क्रम में यह मान्यता उनके मन में बैठा दी जाती है कि औरतों की मुख्य जिम्मेवारी गृहस्थी चलाने और बच्चों का पालन–पोषण करने की है। यह चीज अधिकतर परिवारों के श्रम के लैंगिक विभाजन से झलकती है। औरतें घर के अंदर का सारा काम काज, जैसे– खाना बनाना, सफ़ाई करना, कपड़े धोना और बच्चों की देखरेख करना आदि करती हैं जबकि मर्द घर के बाहर का काम करते हैं। ऐसा नहीं है कि मर्द ये सारे काम नहीं कर सकते। दरअसल वे सोचते हैं कि ऐसे कामों को करना औरतों के ज़िम्मे है। पर जब सिलाई–कटाई से लेकर इन्हीं सारे कामों के लिए पैसे मिलते हैं तो मर्द खुशी–खुशी यही काम घर के बाहर करते हैं। अधिकांश दर्जी या होटल के रसोइए पुरुष होते हैं। इसी प्रकार औरतें घर के बाहर का काम न करती हों– ऐसा भी नहीं है। गाँवों में स्त्रियाँ पानी और जलावन जुटाने से लेकर खेत में खटने तक का काम करती हैं। शहरों में भी हम देखते हैं कि कोई गरीब स्त्री किसी मध्यमवर्गीय परिवार में नौकरानी का काम कर रही है और मध्यमवर्गीय स्त्री काम करने के लिए दफ़्तर जा रही है। सच्चाई यह है कि अधिकतर महिलाएँ अपने धरेलू काम के अतिरिक्त अपनी आमदनी के लिए कुछ न कुछ काम करती हैं लेकिन उनके काम को ज़्यादा मूल्यवान नहीं माना जाता और उन्हें दिन रात काम करके भी उसका श्रेय नहीं मिलता।

श्रम के इस तरह के विभाजन का नतीजा यह हुआ है कि औरत तो घर की चारदीवारी में सिमट के रह गई है और बाहर का सार्वजनिक जीवन पुरुषों के कब्ज़े में आ गया है।

36.1 सामाजिक असमानता का कौन सा रूप हर जगह नज़र आता है, लेकिन राजनीति के अध्ययन में शायद ही इस बात की पहचान की जाती है ?

36.2 नारीवादी कौन हैं ?

36.3 विश्व के विभिन्न भागों में समान अधिकारों के लिए महिलाओं के आंदोलन के मुख्य उद्देश्य क्या थे ?

## SECTION - F

## Map Skill Based Question

## खण्ड - छ

## मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न

2+3=5

37.1 Two places A & B have been marked on the given outline map of India. Identify and write their correct names on the lines drawn near them. 1+1=2

(A) A place associated with the cotton mill worker's satyagraha.

(B) A place where Congress session took place in December 1920.

37.2 On the same outline map of India locate and label any **THREE** of the following with suitable symbols. 1+1+1

(a) Bhakra Nangal dam (locate and label)

(b) Identify the major sugarcane producing state

(c) Chennai Software Technology Park (locate and label)

(d) Kochi port (locate and label)

(e) Identify the major jute producing state

NOTE: **The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Q. No. 37. Attempt any FIVE questions.**

37.1 Name the state where Civil Disobedience Movement started.

37.2 Name the state where the Congress session was held in 1927.

37.3 Name the state where calling off of the Non-Cooperation movement took place.

37.4 Name the state where Tungabhadra dam is located.

37.5 Name the state where Bokaro Steel Plant is located.

37.6 Name the state where Rajiv Gandhi International Airport is located.

**37.1** दो स्थान (A) और (B) दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(A) – वह स्थान जो सूती कपड़ा मिल मजदूरों के सत्याग्रह से जुड़ा है।

(B) – वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**37.2** इसी दिए गए भारत के रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** को उपयुक्त चिन्हों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(a) भाखड़ा नांगल बाँध। (पता लगाएं और लेबल करे)

(b) प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य की पहचान करें।

(c) चेन्नई सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क । (पता लगाएं और लेबल करे)

(d) कोच्ची पत्तन (पता लगाएं और लेबल करे)।

(e) प्रमुख जूट उत्पादक राज्य को पहचान करे।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37 के स्थान पर है। किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**37.1** उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ से सविनय अवज्ञा आंदोलन की शुरुआत हुई।

**37.2** उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में आयोजित किया गया।

**37.3** उस राज्य का नाम लिखिए, जो असहयोग आंदोलन को वापस लेने से सम्बन्धित है।

**37.4** उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ तुंगभद्रा बाँध स्थित है।


**37.5** उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ बोकारो इस्पात संयंत्र स्थित है।

**37.6** उस राज्य का नाम लिखिए जहाँ राजीव गांधी अन्तराष्ट्रीय विमान पत्तन स्थित है।

-o0o-

Map for Q.No. 37.

नक्शा प्रश्न संख्या 37 के लिए।




Cut Here यहाँ से काटें